प्रेषक,

**निदेशक,**
राज्य पोषण मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

**सेवा में,**

1. **समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।**
2. **समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।**

पत्रांकः C-926 /रा0पो0मि0/पो0अभि0/2021-22 दिनांकः 15 दिसम्बर, 2021

विषयः **दिनांक 08 जनवरी से दिनांक 14 जनवरी, 2022 को ''स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा'' कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 को सम्बोधित सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-PA/228/2021-CPMU-Part(1) दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 एवं अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-PA/228/2021-CPMU-Part(1) दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण के विषय में जागरूकता एवं जन भागीदारी बढ़ाते हुए बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु व्यवहार परिवर्तन करते हुए पोषण के अभियान को जन आन्दोलन बनाने की दिशा में जनपदों में प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर विशेष कैम्प का आयोजन करते हुए **''स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा''** आयोजित करने के विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में स्वस्थ्य बच्चे की पहचान करते हुए उसको एवं उसके परिवार को सम्मानित करते हुए अपने बच्चे के पोषण स्तर के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने एवं व्यवहार परिवर्तन करने की दिशा में यह कार्यक्रम प्रभावी सिद्ध होगा।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :-**

1. 0-6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना।
2. स्वस्थ्य बच्चे पर कुपोषित बच्चे की तुलना में ज्यादा ध्यान देना।
3. समुदाय का बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण को भावनात्मक स्तर से जोड़ना तथा समुदाय को स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में जागरूक करना।
4. समुदाय में अभिभावकों के मध्य अपने बच्चे को स्वस्थ एवं सुपोषित रखने हेतु प्रतिस्पर्धात्मक माहौल तैयार करना।
5. बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार की सेवाओं को प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि लाना।
6. बच्चों की वृद्धि एवं विकास की निरन्तर निगरानी करते हुए समय से कुपोषण की पहचान करना तथा समयान्तर्गत हस्तक्षेप करते हुए कुपोषण को दूर भगाना।
7. 0-6 वर्ष तक के बच्चों का लम्बाई/ऊँचाई की माप लेते हुए उनमें व्याप्त कुपोषण यथा-नाटापन, दुबलापन एवं कम वजन के बच्चे की पहचान करते हुए डेटाबेस तैयार करना तथा समयान्तर्गत उपचार हेतु सम्बन्धित विभागों को संदर्भित करते हुए जिला प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप करना।

**कार्यक्रम के विभिन्न घटक :-**

1. लक्ष्य समूह- 0-6 वर्ष तक के समस्त बच्चे
    - आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत 0-6 वर्ष तक के बच्चे।
    - आंनगबाड़ी केन्द्रों से बाहर के बच्चे।
2. स्वैच्छिक भागीदारी
3. वजन एवं माप लेने का स्थान-
    - आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल
    - विशेष कैम्प का आयोजन/अन्य
4. क्रियान्वयन नीति- ग्रामीण, शहरी तथा सेल्फ मोड
5. स्पर्धा हेतु मंच- पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से ऑनलाइन

**स्वस्थ बच्चे को कैसे पहचाने :-**

1. बच्चे की लम्बाई/ऊॅचाई तथा वजन निर्धारित वृद्धि निगरानी (आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वृद्धि निगरानी यंत्र जी0एम0डी0 यथा स्टेडियोमीटर, इन्फेन्टोमीटर, इन्फेन्ट वेईंग स्केल इत्यादि उपलब्ध है) यन्त्र से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/विभिन्न एजेन्सियों द्वारा करना।
2. पोषण ट्रैकर ऐप के मॉड्यूल में बच्चे की लम्बाई/ऊॅचाई तथा वजन एवं जन्म तिथि अंकित करना।
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन के वृद्धि निगरानी चार्ट के अनुसार बच्चे का ऑनलाइन वर्गीकरण।
4. स्वस्थ बच्चे के लिए पोषण ट्रैकर एप पर स्वतः प्रमाण पत्र निर्गत होना।
5. राज्य/जनपद/नगर निकाय द्वारा स्वस्थ बच्चे को पुरस्कृत किया जाना।

**क्रियान्वयन की अवधिः- 08 से 14 जनवरी, 2022**

**ग्रामीण क्षेत्र में आयोजन :-**

1. नोडल अधिकारी- जिलाधिकारी (जिला पोषण समिति की बैठक में कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना बनाते हुए सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया जाना)
2. मुख्य क्रियान्वयनकर्ता - सम्बन्धित परियोजना में बाल विकास परियोजना अधिकारी- क्षेत्रीय कर्मियों के सहयोग से।
3. माप लेने वाले कर्मी- आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका।
4. सहयोगी इकाई- समुदायिक गतिशीलता बढ़ाने हेतु- पंचायत के सदस्य, स्वयं सहायता समूह एवं मातृ समूह।
5. माप लेने का स्थान- आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, विशेष कैम्प का आयोजन/अन्य

**शहरी क्षेत्र में आयोजन :-**

1. नोडल अधिकारी- जिलाधिकारी/नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय
2. मुख्य क्रियान्वयनकर्ता - नगर निकाय।

3. माप लेने वाले कर्मी- रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, गैर सरकारी संगठन, कर्मचारी संगठन एवं चिकित्सक।
4. सहयोगी इकाई- समुदायिक गतिशीलता बढ़ाने हेतु- इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन, स्कूल प्रशासन के सहयोग से।
5. माप लेने का स्थान- आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, विशेष कैम्प का आयोजन/अन्य

**सेल्फ मोडः- ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से-**

1. 02-6 वर्ष तक के बच्चों के लिए, जिनकी माप घर पर की जा सकती है।
2. बच्चे के अभिभावक, उनका लम्बाई, ऊँचाई एवं वजन लेते हुए एप्लीकेशन पर फीड करेंगे।
3. यदि बच्चा स्वस्थ हुआ तो प्रमाण पत्र स्वतः जनरेट हो जायेगा जिसको अभिभावक डाउनलोड कर सकते हैं।

**पूर्व तैयारी हेतु निर्देश-**

1. अधिक से अधिक सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार हेतु प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया का उपयोग करना।
2. आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइसेस की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
3. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिभाग करने हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं की सूची तैयार करना।
4. स्वयं सहायता समूह, स्वैच्छिक संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों के लिए कार्य दायित्व का निर्धारण करना।
5. सूचीबद्ध संस्थाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।
6. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पृथक-पृथक व्यवस्था करना।

**कार्यक्रम की तैयारी एवं क्रियान्वयन हेतु कैलेण्डर-**

1. 18 से 25 दिसम्बर, 2021- संस्थाओं का चयन करना तथा संस्थाओं के कार्यक्षेत्र का निर्धारण करना।
2. 25 दिसम्बर, 2021 तक- कार्यक्रम में अधिकतम भागीदारी के लिए प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया प्लान बनाना।
3. 08 से 14 जनवरी, 2022 तक- (कार्यक्रम अवधि) बच्चों का वजन तथा लम्बाई, ऊँचाई की माप लेना तथा ऐप पर स्वस्थ बच्चे हेतु जनरेटेड प्रमाण पत्र का वितरण करना।
4. 18 से 20 जनवरी, 2022 तक- कार्यक्रम के दौरान चिन्हित अति कुपोषित बच्चों हेतु अपनाई गयी संदर्भन प्रक्रिया की संकलित सूचना पृष्ठपोशण (फीड बैक) सहित निदेशालय को प्रेषित करना।

अतः सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेषित पत्र के अनुपालन में ''स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा'' कार्यक्रम के अनुश्रवण हेतु निदेशालय स्तर पर श्री सेराज अहमद, संयुक्त परियोजना समन्वयक (मो0 न0- 9415208064), राज्य पोषण मिशन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। तत्क्रम में सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेषित अर्द्धशासकीय

पत्र की मूल प्रति संलग्न करते हुए इस आशय से प्रेषित है कि जनपदों में उपरोक्तानुसार आयोजन करवाने तथा आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नक- सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 10.12.2021 एवं 14.12.2021 की प्रति।**

**भवदीय,**

15/12/2021

(कपिल सिंह)
निदेशक

**पृष्ठांकन संख्याः /तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन/अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, सूचना, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, नगर विकास, उ0प्र0 शासन।
4. अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 शासन।
5. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
6. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
7. अपर महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन/प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
8. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
9. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
10. महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
11. संयुक्त परियोजना समन्वयक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।
12. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
13. समस्त विकासशील संस्थाओं को इस आशय से प्रेषित कि जनपदों में आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करें।
14. कार्यालय प्रति।

**(कपिल सिंह)**
निदेशक